# फसलों की ई-खरीद

## प्रलिम्सि के लयि:

मेरी फसल-मेरा ब्योरा ई-खरीद, न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP), ई-नाम पोर्टल, भारतीय खाद्य नगिम, कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP)

## मेन्स के लयि:

कृषि विपिणन, कृषि में प्रौद्योगिकी की भूमिका

## चर्चा में क्यों?

हरयािणा सरकार ने 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा ई-खरीद' पोर्टल लॉन्च कयिा है। इस पोर्टल के माध्यम से हरयािणा भारत का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहाँ **न्यूनतम समर्थन मूल्य** (MSP) पर 14 फसलों की खरीद की जाती है।

- इन फसलों में गेहूँ, सरसों, जौ, चना, धान, मक्का, बाजरा, कपास, सूरजमुखी, मूँग, मूँगफली, अरहर, उड़द और तलि शामलि हैं।
- यह पोर्टल खेती में सुधार और कसािनों की आय में वृद्धि सुनश्चिति करने के साधन के रूप में डजिटिल शासन (ई-शासन) को तेज़ी से अपनाने की दशिा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

## वगित वर्षों के प्रश्न

**प्रश्न: नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि: (2020)**

1. सभी अनाजों, दालों और तलिहनों के मामले में भारत के कसिी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद असीमति है।
2. अनाज और दालों के मामले में MSP कसिी भी राज्य / केंद्रशासति प्रदेश में उस स्तर पर तय कयिा जाता है जहाँ बाज़ार मूल्य कभी नहीं बढ़ेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

## पोर्टल से संबंधति मुख्य बदिु:

- पोर्टल को कोवडि-19 महामारी के मद्देनज़र शुरू कयिा गया था।
- दो वर्ष से भी कम समय में राज्य के कुल कसिानों में से 8.71 लाख या 80% से अधकि ने रबी सीज़न में पोर्टल पर पंजीकरण कराया।
- पोर्टल का उद्देश्य ऑनलाइन बक्रिी की सुवधिा प्रदान करना है, जसिके तहत राज्य की 81 मंडयिों को'**ई-नाम**' **(इलेक्ट्रॉनकि राष्ट्रीय कृषि बाज़ार)** पोर्टल से जोड़ा गया है।
    - 'ई-नाम' प्लेटफॉर्म एक अखलि भारतीय इलेक्ट्रॉनकि ट्रेडगि पोर्टल प्रदान करता है, जो कृषि उत्पादों के लयि एक एकीकृत राष्ट्रीय बाज़ार बनाने हेतु मौजूदा APMC (कृषि उपज बाज़ार कमोडटिीज़) मंडयिों को एक नेटवर्क में एक साथ लाता है।

## फसलों की खरीद:

- **उद्देश्य:** खाद्यान्न खरीद की सरकार की नीति का व्यापक उद्देश्य किसानों के लिये MSP सुनिश्चित करना और कमज़ोर वर्गों को सस्ती कीमतों पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
    - यह प्रभावी बाज़ार हस्तक्षेप को भी सुनिश्चित करता है ताकि कीमतों को नियंत्रण में रखने के साथ ही देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके।
    - मूल्य समर्थन के तहत खरीद मुख्य रूप से किसानों को उनकी उपज के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु की जाती है जो बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहन के रूप में कार्य करती है।
- **नोडल एजेंसी:** भारतीय खाद्य निगम, भारत सरकार की नोडल केंद्रीय एजेंसी है जो अन्य राज्य एजेंसियों के साथ मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूँ और धान की खरीद करती है।
    - भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्रीय पूल के लिये राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा मोटे अनाज की खरीद की जाती है।
- **CACP की भूमिका:** प्रत्येक रबी/खरीफ की फसल के मौसम के दौरान फसल से पहले, भारत सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिश के आधार पर खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की घोषणा करती है।
- **राज्य सरकारों की भूमिका:** खाद्यान्नों की खरीद की सुविधा के लिये FCI और विभिन्न राज्य एजेंसियों ने राज्य सरकार के परामर्श से विभिन्न मंडियों में बड़ी संख्या में खरीद केंद्र स्थापित किये हैं।

## विगत वर्षों के प्रश्न:

**प्रश्न: निम्नलिखित में से कौन से कारक/नीतियाँ हाल के दिनों में भारत में चावल की कीमत को प्रभावित कर रही है? (2020)**

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य
2. सरकार द्वारा व्यापार
3. सरकार द्वारा भंडारण
4. उपभोक्ता सब्सिडी

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

## ई-मंडी किसानों की मदद कैसे करेगी?

- **बिचौलियों का एकाधिकार:** मौजूदा बुनियादी ढाँचे के साथ कृषि उपज केवल निकटतम कृषि बाज़ार तक पहुँचती है जो कि **एपीएमसी (कृषि उपज बाज़ार वस्तु)** के अधिकार क्षेत्र में है।
    - यात्रा, पैकिंग और उपज की छँटाई का खर्च उठाने के बाद किसान स्थानीय मंडियों में पहुँचते हैं और जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को बेचने की प्रतीक्षा करते हैं।
    - किसानों को छँटाई, ग्रेडिंग और अन्य आवश्यक कृषि प्रक्रियाओं के लिये स्थानीय एजेंटों पर निर्भर रहना पड़ता है, इस प्रकार उन बिचौलियों पर बहुत अधिक निर्भर होते हैं जो हमेशा भरोसेमंद या ईमानदार नहीं होते हैं।
- **किसानों के हितों के लिये हानिकारक:** यह अघोषित एकाधिकार जो अस्तित्व में है, वस्तु की वृद्धि और कृषि मूल्य शृंखला के मुक्त प्रवाह को प्रभावित रहा है, यह स्थानीय किसानों तथा उनकी आजीविका के लिये भी हानिकारक है।

## विगत वर्षों के प्रश्न

**प्रश्न: 'राष्ट्रीय कृषि बाज़ार' योजना को लागू करने के क्या लाभ हैं? (2017)**

1. यह कृषि वस्तुओं के लिये एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है।
2. यह किसानों को उनकी उपज की गुणवत्ता के अनुरूप कीमतों के साथ राष्ट्रव्यापी बाज़ार तक पहुँच प्रदान करती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (c)**

## प्रौद्योगकिी कृषि की मदद कर कैसे सकती है?

- **आधुनकि प्रौद्योगकिी की तैनाती:** कृत्रमि बुद्धमित्ता, ब्लॉकचेन, मशीन लर्नगि, क्लाइमेट-स्मार्ट एडवाइज़री, जियो-टैगगि और इंटरनेट ऑफ थगि्स जैसी तकनीकों का उपयोग करते हुए आधुनकि तकनीक व डजिटिल मशीनरी की शुरुआत के साथ पछिले कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र में नविेशकों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है।
  - हाल ही में प्रधानमंत्री ने भारत के खेतों में कीटनाशकों का छड़िकाव करने के लयिे भारत के वभिन्नि शहरों और कस्बों में 100 **कसिान ड्रोन** को हरी झंडी दखिाकर रवाना कयिा है।
- **कसिानों को लाभ:** डजिटिल मंडयिाँ कसिानों को थोक व्यापारयिों और अन्य स्थानीय व्यापारयिों के साथ सीधे बातचीत करने में सक्षम बना रही हैं, इस प्रक्रयिा में शामलि बचिौलयिों को समाप्त कर रही हैं, जो उनके आंदोलन और फसल के प्रकार, कस्मि और मूल्य बदि को चुनने की स्वतंत्रता में बाधा डालते हैं।

## वगित वर्षों के प्रश्न

**प्रश्न: गन्ने का उचति और लाभकारी मूल्य (FRP) अनुमोदति कयिा जाता है- (2015)**

(a) आर्थकि मामलों की कैबनिेट समति द्वारा
(b) कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा
(c) वपिणन और नरीिक्षण नदिेशालय, मंत्रालय द्वारा
(d) कृषि उपज मंडी समति द्वारा

**उत्तर: (a)**

## स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-procurement-of-crops